दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, रविवार 23 फरवरी 2020 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-02, अंक- 146

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पहली बार भारत दौरे में विपक्षी नेता अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से नहीं मिलेंगे

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पहली बार विपक्षी नेताओं का प्रतिनिधिमंडल अमेरिकी राष्ट्रपति से भारत दौरे के दौरान नहीं मिलेगा। कांग्रेस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने का कोई कार्यक्रम नहीं है। हालांकि राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के आधिकारिक भोज में कुछ विपक्षी नेता भाग ले सकते हैं। सूत्रों ने कहा कि भोज में राज्यसभा में विपक्ष के नेता गुलाम नबी आजाद भाग लेंगे। लेकिन उनकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ मुलाकात की कोई योजना नहीं है। यह पूछे जाने पर कि क्या कांग्रेस का कोई प्रतिनिधिमंडल अमेरिकी राष्ट्रपति से मुलाकात करेगा। इसपर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता आनंद शर्मा ने कहा कि जब भी कोई विदेशी प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति आधिकारिक दौरे पर आता है तो वह कांग्रेस नेताओं से मिलने का खुद प्रस्ताव देता है। जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कांग्रेस के सामने ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं रखा है। यह पहली बार है कि एक अमेरिकी राष्ट्रपति प्रमुख विपक्षी दल के साथ विचार-विमर्श नहीं करेगा। कांग्रेस के सूत्रों ने कहा कि यूपीए के दौरान विपक्ष नेताओं के अमेरिकी राष्ट्रपति या अन्य गणमान्य लोगों से मिलने के लिए एक स्लॉट रखा जाता था। इससे पहले अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के दौरे के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और कांग्रेस नेता सोनिया गांधी सहित कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने उनसे मुलाकात की थी।

### डोनाल्ड ट्रंप के ताजमहल देखने पर होगा 100 करोड़ खर्च

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ताज दीदार पर 100 करोड़ रुपए से ज्यादा का खर्च आएगा। इसमें 70 फीसदी खर्च सुरक्षा व्यवस्था पर होगा। शेष खर्च आवास से लेकर अन्य व्यवस्थाओं पर होगा। यूपी सरकार का भी लगभग 16 करोड़ रुपए खर्च करेगी। पांच सितारा होटलों में 500 कमरे अमेरिकी दल के लिए बुक कराए गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से 14 किलोमीटर लंबे रास्ते में 10 हजार पुलिसकर्मियों को तैनात किया जा रहा है। ट्रंप के आने से पहले अमेरिकी दल के चार सौ सदस्य आगरा पहुंच चुके हैं। उनके लिए पांच सितारा होटलों में ठहरने की व्यवस्था की गई है। उनके आने-जाने के लिए परिवंहन की व्यवस्था प्रदेश सरकार द्वारा की गई है। आठ दिनों के लिए आरक्षित किए गए होटल के कमरों और खानपान पर लगभग आठ करोड़ रुपए का खर्च आ रहा है।

### अकेले दम पर लड़ेगी यूपी विधानसभा चुनाव

**» बसपा की महत्वपूर्ण बैठक में कई ऐलान**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** बहुजन समाज पार्टी ने आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 के मद्देनजर बड़ा फैसला लिया है। मायावती ने बैठक में बसपा पदाधिकारियों को दिशानिर्देश दिये हैं कि वे संगठन को मजबूत करने और जनता के बीच पार्टी की नीतियों को बढ़ाने के लिए पूरी तरह से जुट जाएं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मायावती की अगुवाई में हुई बैठक में फैसला लिया गया है कि बसपा आगामी चुनाव अकेले लड़ेगी। माना जा रहा था कि साल 2019 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के साथ मिली सफ्लता के बाद दोनों एक साथ चुनाव लड़ेंगे. मायावती ने निर्देश दिया है कि पार्टी को बूथ स्तर पर तैयार किया जाए। गौरतलब है कि बसपा ने लोकसभा चुनाव में 10 सीटें हासिल की थी।

### नोएडा-फरीदाबाद जाने वाला एक रास्ता खुला

**» शाहीन बाग**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नागरिकता संशोधन अधिनियम के खिलाफ शाहीन बाग में प्रदर्शन जारी है, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने नोएडा और फ्रीदाबाद जाने वाले एक वैकल्पिक रास्ते को खोल दिया है।

## ट्रंप के वेलकम व्यय हेतु किस मंत्रालय ने दिये कितने रुपये

**» प्रियंका गांधी ने पूछा**





**नईदिल्ली (आरएनएस)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत यात्रा को लेकर सियासत गरमाई हुई है. कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने इसे लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है. शनिवार को उन्होंने ट्वीट कर कहा कि ट्रंप के आगमन पर जिस समिति के जरिये करोड़ों रुपये खर्च हो रहे हैं, उसके सदस्यों को खुद भी नहीं पता कि वो उसके सदस्य हैं।

प्रियंका गांधी ने ट्वीट किया, राष्ट्रपति ट्रंप के आगमन पर 100 करोड़ रुपए खर्च हो रहे हैं. लेकिन ये पैसा एक समिति के जरिए खर्च हो रहा है. समिति के सदस्यों को पता ही नहीं कि वो उसके सदस्य हैं. क्या देश को ये जानने का हक नहीं कि किस मंत्रालय ने समिति को कितना पैसा दिया? समिति की आड़ में सरकार क्या छिपा रही है?

बता दें कि राष्ट्रपति ट्रंप 24 फरवरी से दो दिन की भारत यात्रा पर आ रहे हैं. इस दौरान दोनों देशों के बीच के सामरिक संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने सहित रक्षा, सुरक्षा, आतंकवाद से लड़ाई, व्यापार, ऊर्जा, दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क और अन्य द्विपक्षीय मुद्दों पर व्यापक चर्चा होगी।

### राजधानी के स्कूल में मेलानिया ट्रंप के साथ नहीं होंगे केजरीवाल और सिसोदिया

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पत्नी मेलानिया ट्रंप के सरकारी स्कूल के दौरे में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया शामिल नहीं होंगे. यह जानकारी दिल्ली सरकार के सूत्रों के हवाले से मिली है. पहले से तय कार्यक्रम के मुताबिक मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री, दोनों को अमेरिकी प्रथम महिला के साथ स्कूल विजिट में शामिल होना था। 25 फरवरी को मेलानिया ट्रंप दक्षिणी दिल्ली के सरकारी स्कूल में हैप्पीनेस क्लास देखने जाएंगी।

## मुठभेड़ लश्कर के दो आतंकी ढेर

**» भारी मात्रा में हथियार-गोलाबारूद भी बरामद**



**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में शनिवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के शीर्ष कमांडर सहित दो आतंकवादी मारे गए।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के आधार पर राष्ट्रीय राइफल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल तथा जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान दल के जवानों ने शुक्रवार की देर रात अनंतनाग जिले के संगम में संयुक्त रूप से घेराबंदी तथा तलाश अभियान शुरू किया। इस दौरान सुरक्षा बलों के जवानों की वहां छुपे हुए आतंकवादियों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान शनिवार तड़के लश्कर के दो आतंकवादी मारे गए। घटना स्थल से मारे गये आतंकवादियों के शव और हथियार तथा गोलाबारूद बरामद किए गए हैं। मारे गये आतंकवादियों में से एक की पहचान लश्कर के शीर्ष कमांडर फुरकान के तौर पर हुई है। सूत्रों ने बताया कि किसी तरह के प्रदर्शन को रोकने के लिए आस-पास के इलाकों में अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात कर दिया गया है।

## मोहल्ला मार्शल के बूते होगी महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षा



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** राजधानी में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली सरकार एक नया कदम उठाने जा रही है. कैबिनेट मिनिस्टर और आम आदमी पार्टी के नेता राजेंद्र पाल गौतम ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली सरकार महिला सुरक्षा के लिए राजधानी में मोहल्ला मार्शल तैनात करेगी. गौतम ने इसको लेकर डीसीडब्ल्यू की चेयरमैन स्वाति मालीवाल से मुलाकात की और इस योजना से संबंधित एक्शन प्लान पर चर्चा की।

महिला व बाल विकास मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने कहा, हमारे गारंटी कार्ड में महिला सुरक्षा शीर्ष प्राथमिकता है. आने वाले महीनों में मोहल्ला मार्शल तैयार करने और महिला पंचायत को मजबूत करने पर काम होगा. उन्होंने कहा कि मोहल्ला मार्शलों की तैनाती महिला सुरक्षा को लेकर क्रांतिकारी कदम होगा। मंत्री ने कहा कि मोहल्ला मार्शल पुलिस और नागरिकों के बीच सुरक्षा का लेयर होगा जो कि महिलाओं व वरिष्ठ नागरिकों को सुरक्षित महसूस कराएगा. वे सभी शिफ्ट में काम करेंगे. आपको बता दें कि दिल्ली सरकार ने विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले डीटीसी की बसों में भी मार्शल तैनात करने की योजना लागू की थी. बसों में महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर यह फैसला लिया गया था।

## लव मैरिज के बाद बेटी की गला घोंटकर हत्या

**» शव को 80 किमी दूर नहर में फेंका**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पूर्वी दिल्ली के न्यू अशोक नगर में ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है, जहां 25 वर्षीय बेटी के लव मैरिज करने से खफा परिजनों ने उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद कार से उसका शव लेकर परिजन 80 किलोमीटर दूर गए और उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले की जावा नहर में फेंक आए। इस मामले का पर्दाफाश तब हुआ, जब युवती के प्रेमी ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट थाने में लिखवाई है। इस मामले में परिवार के 6 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि मृतका की पहचान शीतल चौधरी के रूप में हुई है। मामले में शुक्रवार को मृतका के पिता रवींद्र, माता सुमन, अंकल संजय, ओम प्रकाश, फूफेरा भाई प्रवेश और रिश्तेदारी में ही लगने वाला एक अन्य दामाद अंकित को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक युवती का पड़ोस के ही एक युवक के साथ पिछले तीन सालों से प्रेम संबंध था। बाद में उन्होंने घर में बिना बताए आर्य समाज मंदिर में अक्टूबर 2019 में शादी भी कर ली थी। काफी समझाने पर भी वह शादी तोड़ने के लिए तैयार नहीं हुई तो परिवार वालों ने उसकी हत्या की योजना बनाई और 30 जनवरी को वारदात को अंजाम दे डाला।

## राष्ट्रपति के फैसले अनुपालन किया जाए


**» हाईकोर्ट ने की सीएम की याचिका खारिज**



**चेन्नई (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री वी. नारायणसामी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार को बड़ा झटका देते हुए मद्रास हाईकोर्ट ने उनके द्वारा राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद फैसले के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें राष्ट्रपति ने उपराज्यपाल किरण बेदी के राशन कार्ड धारकों के लिए मुफ्त चावल देने के बजाय नकदी देने के फैसले से सहमति जताई थी।

नारायणसामी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए, अदालत ने शुक्रवार को कहा कि केंद्रशासित प्रदेश से संबंधित मामलों पर राष्ट्रपति के फैसले का अनुपालन किया जाना चाहिए। अदालत ने कहा कि केंद्रशासित प्रदेशों की सरकार अधिनियम 1963 उपराज्यपाल को किसी मुद्दे पर मंत्रिपरिषद से सहमति नहीं होने पर मामले को राष्ट्रपति के पास भेजने की शक्ति प्रदान करता है। अदालत ने कहा कि राष्ट्रपति का फैसला संदर्भित मामले पर अंतिम है और इसका अनुपालन किया जाना चाहिए। एक ट्वीट में बेदी ने कहा मद्रास हाईकोर्ट ने भारत सरकार, गृह मंत्रालय द्वारा पुडुचेरी प्रशासन को दिए निदेशरें को बरकरार रखा है मुफ्त चावल के लिए बैंक खातों में सीधे पैसा हस्तांतरित करने के लिए कहा गया था और पहले की तरह नहीं करने के लिए कहा था, जिसमें खरीद, भंडारण, परीक्षण, वितरण और जांच की जाती थी।नारायणसामी ने अदालत के फैसले पर निराशा व्यक्त की। कांग्रेस सरकार ने राशन कार्ड धारकों को मुफ्त में चावल देने का फैसला किया था।

## 28 से दो दिवसीय दौरे पर भुवनेश्वर जायेंगे शाह



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह दो दिवसीय दौरे पर 28 फरवरी को ओडिशा जा रहे हैं। गृहमंत्री शाह अपने दौरे में भुवनेश्वर में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। शाह का भुवनेवर में नागरिकता संशोधन कानून(सीएए) के पक्ष में एक रैली को संबोधित करने का कार्यक्रम है। इसके अलावा गृह मंत्री अमित शाह भुवनेश्वर में ईस्टर्न जोनल काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

ईस्टर्न जोनल काउंसिल की बैठक भुवनेश्वर के लोक सेवा कन्वेंशन सेंटर में 28 फरवरी को होगी। इस बैठक में पश्चिम बंगाल, बिहार ,झारखंड और ओडिशा के मुख्यमंत्री के अलावा राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी भाग लेंगे। इस बैठक में केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से अधिकारियों की बड़ी टीम हिस्सा लेगी। बताया गया है कि बैठक में अंतर्राज्यीय मुद्दों के अलावा विकास और केंद्रीय योजनाओं के कार्यान्वयन पर चर्चा होगी। बैठक में रेल परियोजनाओं, आपदा प्रबंधन के लिए ढांचागत संरक्षण तैयार करना, कोयले की रॉयल्टी, ग्राम पंचायतों को धन मुहैया कराना, डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर स्कीम, आधार कार्ड डाटा बेस तैयार करना, टेलीकॉम और इंटरनेट कनेक्टिविटी से संबंधित मुद्दों पर चर्चा होगी। सूत्रों के मुताबिक, इस बैठक में जीएसटी कलेक्शन और समयबद्ध तरीके से केंद्र द्वारा राज्यों को धन मुहैया कराने संबंधी मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा हो सकती है। ईस्टर्न जोनल काउंसिल की बैठक के बाद गृह मंत्री अमित शाह भुवनेश्वर में नागरिकता सशोधन कानून के पक्ष में 28 फरवरी को ही एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। 29 फरवरी को शाह का महाप्रभु लिंगराज का दर्शन करने का कार्यक्रम है। अमित शाह पुरी जाकर महाप्रभु श्री जगन्नाथ का भी दर्शन करेंगे। इसके अलावा भुवनेश्वर में अमित शाह भाजपा के सभी सांसदों के साथ भी बैठक भी करेंगे।

**» भाजपा के पात्रा की सफाई**

## स्कूल विजिट से केजरीवाल-सिसोदिया का नाम ना होने पर राजनीति न करें



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पत्नी मेलानिया ट्रंप के सरकारी स्कूल के दौरे में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया शामिल नहीं होंगे. दिल्ली के मुख्यमंत्री और मनीष सिसोदिया को इस कार्यक्रम में नहीं बुलाने पर बीजेपी प्रवक्ता सम्बित पात्रा ने सफाई दी है. उन्होंने कहा कि, 'दिल्ली के सीएम और डिप्टी सीएम के नाम इस कार्यक्रम में शामिल नहीं करने पर आम आदमी पार्टी को तुच्छ राजनीति नहीं करनी चाहिए. ऐसे महत्वपूर्ण अवसरों पर राजनीति नहीं की जानी चाहिए।

संबित पात्रा ने इस मामले पर मीडिया के साथ बातचीत में पार्टी और सरकार का बचाव करते हुए कहा कि केजरीवाल और सिसोदिया का नाम कार्यक्रम लिस्ट से हटाने का फैसला भारत सरकार का नहीं है. उन्होंने कहा , भारत सरकार, यूएसए को यह सलाह नहीं देती है कि वह किसे आमंत्रित करे और किसे न करे. इसलिए, हम इस तू-तू, मैं-मैं में नहीं पड़ना चाहते हैं.' आपको बता दें कि पहले से तय कार्यक्रम के मुताबिक मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री, दोनों को अमेरिका की प्रथम महिला के साथ स्कूल विजिट में शामिल होना था। 25 फरवरी को मेलानिया ट्रंप दक्षिणी दिल्ली के सरकारी स्कूल में हैप्पीनेस क्लास देखने जाएंगी. दरअसल, वह दिल्ली के सरकारी स्कूलों में चलने वाली हैप्पीनेस करिकुलम को देखना चाहती हैं. इस कोर्स की देश-दुनिया में काफी चर्चा हुई थी. इसका उद्देश्य पढ़ाई के दौरान बच्चों को खुश रहना सिखाया जाता है. अब इस कार्यक्रम की लिस्ट से दिल्ली के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री बाहर हो गए हैं।

दिल्ली के लिए यह इसलिए भी सम्मान की बात है, क्योंकि पहली बार दिल्ली के किसी सरकारी स्कूल में अमेरिका की प्रथम महिला विशेष मेहमान होंगी. इस दौरान मेलानिया ट्रम्प हैप्पीनेस क्लास में बच्चों के साथ समय बिताएंगी. ये जानने की कोशिश करेंगी कि कैसे सरकारी स्कूल के बच्चों के बीच तनाव कम किया जाता है. लगभग 1 घंटे का समय मिलानिया ट्रंप सरकारी स्कूल में बिताएंगी।

## प्रेम के प्रतीक ताजमहल का दीदार करेंगे ट्रंप दंपत्ति



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** केंद्र ने शनिवार को उन अमेरिकी रिपोटरों का खंडन किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रथम महिला मेलानिया के साथ आगरा में भारत के प्रतिष्ठित स्मारक ताजमहल का दीदार करेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि प्रेम और रोमांस के प्रतीक ताजमहल की यात्रा अमेरिकी राष्ट्रपति और प्रथम महिला को ऐतिहासिक स्मारक को अच्छी तरह से देखने का अवसर प्रदान करेगी। सूत्रों ने कहा, इसलिए, भारत की तरफ से वरिष्ठ गणमान्य लोगों की कोई आधिकारिक उपस्थिति की परिकल्पना नहीं की गई है। प्रधानमंत्री मोदी अहमदाबाद में राष्ट्रपति ट्रंप और प्रथम महिला का स्वागत करेंगे, जहां 24 फरवरी को एक सार्वजनिक स्वागत समारोह आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नई दिल्ली में दंपति की मेजबानी भी करेंगे, जहां 25 फरवरी को आधिकारिक कार्यक्रम प्रस्तावित हैं।

## ट्रंप दंपत्ति की सुरक्षा में लंगूरों की होगी तैनाती



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आगरा दौरे को देखते हुए जबरदस्त सुरक्षा इंतजाम किया जा रहा है। हालांकि, राष्ट्रपति ट्रंप और उनके परिवार की सुरक्षा का जिम्मा अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के पास होगी। लेकिन बाहरी सुरक्षा की जिम्मेदारी एनएसजी और यूपी पुलिस के हवाले है। सुरक्षा ऐसी की गई है कि आकाश से पाताल तक, परिंदा भी पर न मार सके। लेकिन सुरक्षा एजेंसियों को एक खास चिंता सता रही है। इस इलाके में बंदरों ने काफी उत्पात मचा रखा है, लिहाजा सुरक्षा व्यवस्था में कोई चूक न हो जाए इसके लिए खासतौर पर लंगूरो को भी तैनात किया जा रहा है, ताकि बंदरों के उत्पात को रोका जा सके। ऐसे पांच लंगूरों की तैनाती राष्ट्रपति ट्रंप के रूट पर की जा रही है।

गौरलतब है कि 24 फरवरी को प्रस्तावित अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की यात्रा को लेकर सुरक्षा घेरा तैयार कर लिया गया है। हालांकि, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अफसरों को कुछ भी बताने का निर्देश नहीं है, लेकिन जो जानकारी सामने आई है, उसके अनुसार 10 कंपनी अर्धसैनिक बल, 10 कंपनी पीएसी के साथ एटीएस और एनएसजी के कमांडो को तैनात किया जाएगा। एक कंपनी में करीब 100 जवान होते हैं।

ताजमहल का दीदार करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी पत्नी मेलानिया 24 फरवरी को आगरा आएंगे। आगरा प्रशासन के मुताबिक, ताजमहल और एयरपोर्ट के बीच सुरक्षा व्यवस्था के लिए कई जिलों की पुलिस को लगाया गया है।

## अब दिल्ली से देहरादून के बीच चलेगी एक और तेजस एक्सप्रेस



**» रेल मंत्रालय ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री की मांग पर दी मंजूरी**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** नए जमाने की आधुनिक सुविधाओं वाली तेजस एक्सप्रेस अब एक और नए रूट पर चलने वाली है. रेल मंत्रालय ने हरिद्वार के रास्ते दिल्ली और देहरादून के बीच इसे चलाने के लिए हरी झंडी दिखा दी है।

रेल मंत्री पीयूष गोयल के हवाले से शुक्रवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के अनुरोध पर दिल्ली-हरिद्वार-देहरादून मार्ग पर तेजस एक्सप्रेस रेलगाड़ी चलाने पर सैद्धांतिक रूप से सहमति मिल गई है। आईआरसीटीसी तेजस एक्सप्रेस को नई दिल्ली-लखनऊ रूट के अलावा अहमदाबाद और मुंबई रूट पर चलाता है।

ये दोनों प्राइवेट तौर पर आईआरसीटीसी के पास है।तेजस ट्रेन में वाईफाई के साथ-साथ केटरिंग का मेन्यू मशहूर शेफद्वारा तैयार किया गया है। यात्रियों को मुफ्त में 25 लाख रुपये का रेल यात्रा बीमा मिलेगा. हर कोच में इंटिग्रेटेड ब्रेल डिस्प्ले, डिजिटल डेस्टिनेशन बोड्र्स और इलेक्ट्रॉनिक रिजर्वेशन चार्ट भी हैं।